देश

उवाच

केंद्र सरकार को यह सोचना चाहिए कि केवल सेना और पुलिस ही आतंकवाद को खत्म नहीं करेगी। हमें उस बुनियाद तक जाने की जरूरत है, जिसे आतंकवाद को खत्म करने के लिए सही तरीके से स्थापित किया जाना चाहिए।

-फारूक अब्दुल्ला,जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	20.0	09.0
मुंबई	31.0	23.0
कोलकाता	22.0	16.0
चेन्नई	28.0	25.0

मध्य प्रदेश के मोहन मंत्रिमंडल में ज्योतिरादित्य समर्थक विधायकों को नहीं मिली अधिक तवज्जो

हाईकमान के आगे मंत्रिमंडल विस्तार में नहीं चला किसी का जोर

■ सिंधिया के गढ़ शिवपुरी, गुना, अशोकनगर से नहीं मिला मंत्री

भोपाल, 25 दिसम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुराने संसदीय क्षेत्र शिवपुरी, गुना, अशोकनगर से किसी भी विधायक को मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल पाई है जिससे उनमें मायूसी देखी गई। सिंधिया के पुराने संसदीय गढ़ से किसी भी विधायक को नए मोहन मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि सोमवार को मध्य प्रदेश में जो मंत्रिमंडल विस्तार हुआ है उसमें दिल्ली से पार्टी आलाकमान ने ही अपने निर्णय अनुसार बीस बार विधायकों को मंत्री पद दिया है। किसी भी विशेष गुट को यहां पर ज्यादा तवज्जो नहीं दी गई जिसके कारण ग्वालियर चंबल संभाग में ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थकों को भी ज्यादा तवज्जो नहीं मिल पाई है।

राजनीतिक समीक्षकों का कहना है कि केंद्र स्तर से ही भाजपा में सारे निर्णय लिए गए हैं इसलिए किसी एक विशेष अच्छा को विशेष महत्व नहीं दिया गया है। शिवपुरी, गुना, अशोकनगर जिले की 12 विधानसभा सीटें आती हैं, इनमें से शिवपुरी से पांच सीटें, गुना से चार सीटें, अशोकनगर से तीन विधानसभा सीट आती हैं। इन तीन जिलों की 12 सीटों में से भाजपा यहां पर आठ सीटें जीती हैं, लेकिन इनमें से किसी भी विधायक को चुनाव जीतने के बाद मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी गई है। शिवपुरी, गुना, अशोकनगर जिले से पिछले कई सालों से लगातार कोई न कोई इस इलाके से मंत्री रहा है, लेकिन इस बार मोहन मंत्रिमंडल में इन तीनों जिलों से किसी भी विधायक को मंत्री नहीं बनाया गया है। स्थानीय राजनीति के जानकारों का कहना है कि शिवपुरी जिले की बात करें तो वर्ष 2005 से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की बुआ यशोधरा राजे सिंधिया लगातार यहां मंत्री रहीं। इसके अलावा वर्ष 2020 में मप्र में दलबदल के बाद हुए सत्ता परिवर्तन में पोहरी विधानसभा क्षेत्र से सिंधिया समर्थक विधायक सुरेश राठखेड़ा कांग्रेस छोड़कर जब भाजपा में आए तो उन्हें पीडीडब्ल्यू राज्य मंत्री बनाया गया था। इस तरह से शिवपुरी जिले से दो मंत्री शिवराज सरकार में रहे। इसके अलावा गुना से महेंद्र सिंह सिसोदिया और अशोकनगर से बृजेंद्र प्रताप सिंह मंत्रिमंडल में रहे लेकिन इस बार किसी भी विधायक को मंत्रिमंडल में शिवपुरी, गुना, अशोकनगर से जगह नहीं दी गई है। अब जगह नहीं मिलने के बाद जीतकर आए नवनिर्वाचित विधायक मायूस हैं। वहीं दूसरी ओर ग्वालियर चंबल अंचल का दबदबा मंत्रिमंडल में कायम दिखाई दिया। ग्वालियर से विधायक और पहले भी मंत्री रह चुके प्रद्युम्न सिंह तोमर एक बार फिर मंत्रिमंडल में शामिल किए गए हैं।

इस बार मंत्रिमंडल में मात्र तीन मंत्री

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि इस बार मोहन मंत्रिमंडल में ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थकों को भी कम संख्या में रखा गया है। पूर्व में शिवराज सरकार जब मध्य प्रदेश में थी तो उस समय ए सिंधिया समर्थक मंत्री बनाए गए थे, लेकिन इस बार मोहन मंत्रिमंडल में मात्र तीन मंत्री तुलसी सिलावट, गोविंद सिंह राजपूत, प्रद्युम्न सिंह तोमर को शामिल किया गया है। इस बार सिंधिया समर्थक मंत्रियों की कम जगह दी गई है, जिसके कारण गुना, शिवपुरी, अशोकनगर के उनके समर्थकों को निराशा हाथ लगी है। गुना, शिवपुरी, अशोकनगर जिले में देखा जाए तो यहां पर दो सिंधिया समर्थक नेता मंत्री पद की दौड़ में थे, लेकिन इन्हें जगह नहीं दी गई, जिसमें अशोकनगर से जिले के मुंगावली के बृजेंद्र प्रताप सिंह और शिवपुरी जिले से कोलारस से महेंद्र यादव को मंत्रिमंडल में जगह मिलने की आशा थी, लेकिन निराशा हाथ लगी है।

वीर बाल दिवस में शामिल होंगे मोदी

नई दिल्ली, 25 दिसम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार की सुबह 10:30 बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर मोदी दिल्ली में युवाओं के मार्च-पास्ट को भी हरी झंडी दिखाएंगे। इस दिन को चिह्नित करने के लिए, सरकार नागरिकों, विशेषकर छोटे बच्चों को साहिबजादों के अनुकरणीय साहस की कहानी के बारे में सूचित करने और शिक्षित करने के लिए पूरे देश में भागीदारी कार्यक्रम आयोजित कर रही है। साहिबजादों की जीवन कहानी और बलिदान का विवरण देने वाली एक डिजिटल प्रदर्शनी देश भर के स्कूलों और बाल देखभाल संस्थानों में प्रदर्शित की जाएगी। 'वीर बाल दिवस' पर एक फिल्म भी देशभर में प्रदर्शित की जाएगी। साथ ही, इंटरैक्टिव क्विज जैसी विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताएं भी होंगी जो माईभारत और माईगोव. पोर्टल के माध्यम से आयोजित की जाएंगी। गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के दिन, प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी कि 26 दिसम्बर को श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत को चिह्नित करने के लिए 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।



आतंकियों की खोज में पांचवे दिन भी चला तलाशी अभियान

पुंछ पहुंचे सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने जांची सुरक्षा स्थिति

नई दिल्ली, 25 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारतीय सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल मनोज पांडे ने जमीनी हालात का जायजा लेने के लिए सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर का दौरा किया। गौरतलब है कि 21 दिसम्बर को पुंछ सेक्टर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के चार जवान शहीद हो गए थे। आतंकवादियों ने इस इलाके में सेना की एक जिप्सी और एक ट्रक को निशाना बनाया था। सेना ने इस संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा कि जनरल मनोज पांडे सीओएएस ने पुंछ सेक्टर का दौरा किया। उन्हें मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। सीओएएस ने जमीन पर कमांडरों के साथ बातचीत की, उन्हें सबसे पेशेवर तरीके से ऑपरेशन चलाने और सभी चुनौतियों के खिलाफ दृढ़ और स्थिर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। सेना के मुताबिक आतंकियों की तलाश के लिए पुंछ और राजौरी जिलों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। मुठभेड़ स्थल के पास तीन नागरिकों की कथित तौर पर हत्या की वारदात भी सामने आई है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सिविल नागरिकों की हत्या की जांच के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही प्रशासन ने मारे गए नागरिकों के लिए मुआवजे की भी घोषणा की है। पीड़ितों के परिजनों को मुआवजे के तौर पर नौकरी देने का आश्वासन दिया गया है। पुलिस ने नागरिक हत्याओं की एफआईआर भी दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, सेना ने ब्रिगेड कमांडर और एक कर्नल रैंक के अधिकारी को इलाके से हटा दिया है।

सेना ने कहा है कि वह घटना की जांच में सहयोग करेगी और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से लड़ते समय नागरिक जीवन और संपत्ति की सुरक्षा हमेशा उनकी पहली प्राथमिकता रही है। भारतीय सेना ने अब पाकिस्तान को आंच से किसी भी घुसपैठ को रोकने के लिए जम्मू सेक्टर में नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा मजबूत कर दी है। चीन और पाकिस्तान के बीच सांठगांठ इस क्षेत्र में सक्रिय है। विशेषज्ञ के मुताबिक ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि भारतीय सेना पर लद्दाख सेक्टरों से सैनिकों को हटाने और उन्हें आपस जम्मू कश्मीर में तैनात करने का दबाव बनाया जा सके।

सार संक्षेप

रियासी में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की हुई मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सोमवार को यात्रियों को ले जा रही एक मिलीबस खाई में गिर गई, जिसके कारण दो लोगों की मौत हो गई और कम से कम 12 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बलमतकोटे से बदार गांव में एक शादी की पार्टी के सदस्यों को ले जा रहा वाहन सड़क से फिसल गया और रियासी जिले के चसाना के पास धामिनी में एक खाई में गिर गया। ऊपरोंने बताया कि दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए।

मणिपुर में उग्रवादियों ने की गोलीबारी

इंफाल। मणिपुर में सोमवार को पहाड़ी इलाकों से संदिग्ध हथियारबंद उग्रवादियों द्वारा भारी गोलीबारी की सूचना मिली है। आसपास के इलाकों से भारी गोलीबारी होने के कारण सबुंगखोक, सलासाबी, थेम्लापोकपी और कई अन्य मैतेई गांवों में रहने वाले लोग भाग गए। ग्रामीणों की ओर से सरकार से सुरक्षा मुहैया कराने की अपील की गई, क्योंकि आसपास के पहाड़ी इलाकों से गोलीबारी की खबरें लगातार आती रहती हैं। उल्लेखनीय है कि तीन मई के बाद से दो जातीय समूहों के बीच संकट के कारण दो सौ से अधिक लोग मारे गए हैं और 60 हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं।

बंगाल का दौरा करेंगे शाह

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठकें आयोजित करने के लिए पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री अमित शाह मंगलवार सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच सबसे पहले गुरुद्वारा जाएंगे और फिर ब्यू टाउन लौटने से पहले दक्षिणी कोलकाता के कालीघाट मंदिर जाएंगे और प्रार्थना करेंगे।

कश्मीर में भीषण ठंड, कोहरे से जनजीवन प्रभावित

श्रीनगर, 25 दिसम्बर (एजेंसियां)। कश्मीर घाटी में सोमवार को घने कोहरे और धुंध के साथ भीषण ठंड ने सामान्य जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को बताया कि श्रीनगर में सोमवार को न्यूनतम तापमान शून्य से कम 2.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रविवार को तापमान शून्य से कम 2.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो सामान्य से 0.3 डिग्री सेल्सियस कम है।

श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य हिस्से कोहरे और धुंध की मोटी परत से घिरे हुये हैं, जिससे दृश्यता कम हो गयी और यात्रियों को असुविधा हुयी। श्रीनगर में सड़कों पर वाहनों को हेड लाइट जलाकर चलना पड़ा। श्रीनगर में रविवार को अधिकतम तापमान 8.58 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले पहली बार सामान्य से 0.1 डिग्री सेल्सियस कम 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान रविवार रात दर्ज किए गए शून्य से कम 2.0 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से कम 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि कोकेरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से कम 1.6 डिग्री सेल्सियस था, जबकि एक दिन पहले शून्य से कम 1.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

पहलगाम कश्मीर घाटी में सबसे ठंडा स्थान रहा जहां रविवार को न्यूनतम तापमान शून्य से कम 3.9 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले सोमवार को गिरकर शून्य से कम 4.3 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो सामान्य से 0.7 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

पार्टी की 138वीं वर्षगांठ को लेकर कांग्रेस तैयार

नागपुर में 'हैं तैयार हम' थीम पर होगी मेगा रैली

■ खड़गे, सोनिया, राहुल, प्रियंका व अन्य शीर्ष नेताओं के शामिल होने की उम्मीद

■ 28 दिसम्बर को रैली का किया जाएगा आयोजन

नागपुर, 25 दिसम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस की 138वीं स्थापना के उपलक्ष्य में 28 दिसम्बर को हैं तैयार हम थीम पर यहां एक रैली का आयोजन किया जाएगा। इसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी पदाधिकारियों, मुख्यमंत्रियों तथा अन्य शीर्ष नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले और अन्य नेताओं ने तैयारियों की समीक्षा की और कहा कि ऐतिहासिक शहर नागपुर में मेगा-रैली के लिए मंच तैयार है जहां 2024 के लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंका जाएगा। पटोले ने मीडियाकर्मियों से कहा कि विशाल रैली के लिए पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। आयोजन स्थल का नाम 'भारत जोड़ो मैदान' रखा जा रहा है इस समा के लिए थीम होगा हैं तैयार हम। पटोले ने कहा कि तथ्य यह है कि कांग्रेस की 138वीं स्थापना वर्षगांठ इतनी समृद्ध ऐतिहासिक परंपरा के साथ नागपुर में मनाई जा रही है, यह सभी पार्टी के लोगों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बेतहाशा महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, किसानों, युवाओं और श्रमिकों के बीच संकट जैसी ज्वलंत समस्याओं की अनदेखी करने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा। पटोले ने कहा कि इन मुद्दों को हल करने पर ध्यान केंद्रित करने की बजाय, भाजपा सरकार देश के लोकतांत्रिक ढांचे के लिए खतरा पैदा करते हुए सामाजिक और धार्मिक विभाजन पैदा करने में व्यस्त है। लोकतंत्र और संविधान को बचाने की जिम्मेदारी कांग्रेस की है। इसके लिए, हैं तैयार हम, और हम एक न्यायपूर्ण और भ्रष्टाचार मुक्त भारत की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने चुनाव आयोग से ईवीएम के बारे में संदेह को गंभीरता से लेने की मांग दोहराते हुए कहा कि अगर लोग चाहते हैं, तो पारंपरिक मतपत्र से मतदान वापस आना चाहिए, उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने ईवीएम का विरोध किया था। कांग्रेस की रैली के बाद, महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन और महा विकास अघाड़ी के सहयोगी दल लोकसभा चुनावों के लिए अपनी सीट-बंटवारे की योजना को अंतिम रूप दे सकते हैं।

पांच लाख से अधिक लोगों को जुटाने का लक्ष्य

मुंबई में नेताओं ने कहा कि वे पांच लाख से अधिक लोगों को जुटाने का लक्ष्य बना रहे हैं, जिससे यह अरिंज सिटी की सबसे बड़ी रैलियों में से एक बन जाएगी, और कांग्रेस के 2024 के चुनाव अभियान को गति देने के लिए काम करेगी। पटोले ने कहा कि दिसम्बर 1920 में महात्मा गांधी ने नागपुर से अत्याचारी ब्रिटिश शासन के खिलाफ असहयोग का नारा बुलंद किया था, इसी शहर से इंदिरा गांधी 1959 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष बनीं, और बमुश्किल छह साल बाद देश की पहली महिला प्रधानमंत्री चुनी गईं।

अखंड भारत का सपना बिहार की धरती से ही हुआ है साकार : विजय कुमार

पटना, 25 दिसम्बर (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने हाल में ही डी.एम.के सांसद दयानिधि मारन द्वारा बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों पर अपमान जनक बयान पर कहा है कि बिहार वो धरती है जहां से अखंड भारत का सपना साकार हुआ है।

उन्होंने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि किसी भी जाति, धर्म, समुदाय आदि पर अगर कोई प्रश्न उठाता है तो वो मां भारती का संतान नहीं हो सकते हैं। ऐसे लोग कभी भी राष्ट्र का हितैषी नहीं बन सकते। सिन्हा ने कहा कि ऐसी मानसिकता वाले लोगों की ओछी सोच को कुचलने व उस पर कठोर कार्यवाई करने की जरूरत है। सिन्हा ने कहा कि भारत का इतिहास, बिहार और बिहारी के बिना अधूरा है। सांस्कृतिक और धार्मिक विरासतों से समृद्ध बिहार की गौरवशाली भूमि से सनातन का गहरा रिश्ता है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम मां जानकी के बिना संपूर्ण नहीं हैं, भगवान बुद्ध, भगवान महावीर, गुरु गोबिंद सिंह जी, चाणक्य और चन्द्रगुप्त की भी कहानी बिहार के बिना अधूरी है। सिन्हा ने साफ-साफ शब्दों में कहा कि तमिलनाडु के अन्दर से बार-बार बिहार और बिहारियों के प्रति अपमान व नफरत का भाव कतई बर्दाश्त स्वीकार्य नहीं है। सिन्हा ने बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर निशाना साधा।

बिहारियों का अपमान अशोभनीय

सिन्हा ने कहा कि हर बिहारी मां भारती का संतान है और उसका सम्मान करना हम बिहारियों का ही नहीं बल्कि पूरे देश की जिम्मेदारी है। देश के विकास में बिहार के लोगों की मेहनत निहित है। ऐसे में उनका अनादर और अपमान करना अशोभनीय है। ईडी गठबंधन के लोग बारी-बारी से सनातन धर्म एवं राष्ट्र भाषा हिंदी भाषी बिहार और यूपी के लोगों को नीचा दिखाने का प्रयास कर रहे हैं। बिहारी अपनी प्रतिभा व कौशल से राष्ट्र निर्माण के सभी आयामों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

हमारा मान-सम्मान संस्कृति से जुड़े रहने पर : राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने आध्यात्मिक महोत्सव में किया प्रतिभाग



हरिद्वार, 25 दिसम्बर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि हमारा मान-सम्मान हमारी संस्कृति से जुड़े रहने पर ही है, जिसके लिए हमारे साधु-सन्तों का हमें पूरा सहयोग मिलता है। सिंह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के कनखल स्थित हरिहर आश्रम में जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज के आचार्य पीठ पर पदस्थापन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित आध्यात्मिक महोत्सव में प्रतिभाग किया। आध्यात्मिक महोत्सव में सभी सन्तजनों को प्रणाम करते हुए राजनाथ सिंह ने जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज के आचार्य पीठ पर पदस्थापन के 25 वर्ष पूर्ण होने के दायित्व निर्वहन कार्यकाल पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिसका मन बड़ा होता है, वही आध्यात्मिक होता है। यह कार्य छोटे मन का नहीं कर सकता है तथा जो बड़ा मन का है, वही समाज को दिशा दे सकता है एवं यहां सब बड़े मन के व्यक्ति बैठे हैं। उन्होंने कहा कि मन जैसे-जैसे बड़ा होता जाता है, उसका आनन्द भी बढ़ता जाता है तत्पश्चात वह धीरे-धीरे परमानन्द की प्राप्ति करता है।

मुंबई को पूरी तरह से नशा मुक्त करें अधिकारी : फडणवीस



मुंबई, 25 दिसम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्रके उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा है कि हम सभी का एक ही दृष्टिकोण 'नशा मुक्त मुंबई ' होना चाहिए। फडनवीस रविवार रात यहां कुर्ला-बांद्रा परिसर में मुंबई के जियो सम्मेलन केंद्र में मुंबई पुलिस और एंटरटेनमेंट टेलीविजन चैनल की ओर से आयोजित 'उमंग 2023' सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर हमें अपनी अगली पीढ़ी को सुरक्षित रखना है तो हमें मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़नी होगी। हम मुंबई को मादक पदार्थों के संकट से पूर्ण रूप से मुक्त करना चाहते हैं। इस कार्यक्रम में मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसालकर, मुंबई के विशेष पुलिस आयुक्त देवेन भारती, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, फिल्म जगत के कलाकार, संगीतकार, निर्देशक और अन्य लोग शामिल हुए। हम देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को सुरक्षित रखने के लिए काम कर रहे हैं और मुंबई पुलिस महानगरी को सबसे सुरक्षित शहर के रूप में बढ़ावा देने के लिये काम करती है।

मुंबई को नशे के अभिशाप से पूरी तरह मुक्त करने की आवश्यकता है और हमें नशे के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। मुंबई पुलिस ने यह लड़ाई शुरू कर दी है। पुलिस हमारे लिये 24 घंटे काम करती है और सरकार उनके लिये हरसंभव प्रयास करने में हमेशा सबसे आगे रहेगी।

ICICI Home Finance

कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एपलफ्रेश टावर, अंबेली – कुर्ला रोड, अंबेली ईस्ट, मुंबई–400059, भारत
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, रुकाई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर – 492 001

रुनिगम 6 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रुपी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, 'जैसी है जहां है', 'जैसी है जो भी है' तथा 'जो भी है वहां है' आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

क्र. सं.	कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों /गारंटर(रों)/बन्धुती आस्तियों का नाम ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, क्रामणार्थ सहित, यदि कोई	बकाया राशि	सुरक्षित मूल्य/ रोकड़ रक्षित जमा	लम्पसित निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	रोज बाइट्स (कर्जदार), छोटू बारीक (सह-कर्जदार),ओमिंदर सोनकर (गारंटर) एपएचडीआरएफ0000124757६	फ्लैट नंबर 5, पीएच नंबर 14/ 59, अक्सर नंबर 1229/1, ग्राम कुरूद, भिलाई, जिला दुर्ग	रू. 18,21,139/– 15–12–2023	रू. 4,08,645/– रू. 40,870/–	03–01–2024 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	05–01–2024 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी प्लेज टैक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक – https://BestAuctionDeal.com) पर उपलब्ध होंगी। संभावितबोलीदाताओं/बुकलोबिडरों को 11–01–2024 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर जारी ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडरों) को सरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, ब्रीचेट प्लाजा, यूनिट–एक्स, द्वितीय तल, निकट स्वस्थ टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़–491001 में 11–01–2024 को अपरा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडरों) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, ब्रीचेट प्लाजा, यूनिट–एक्स, द्वितीय तल, निकट स्वस्थ टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़–491001 में 11–01–2024 को अपरा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। सरोहर राशि जमा हेतु विभिन्न ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से 'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड–नीलामी' के पक्ष में दुर्ग में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी आतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के 9920807300 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सोनेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com

तिथि : 26–12–2023
स्थान : दुर्ग

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

ICICI Home Finance

कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एपलफ्रेश टावर, अंबेली – कुर्ला रोड, अंबेली ईस्ट, मुंबई–400059, भारत
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, रुकाई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर – 492 001

रुनिगम 6 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रुपी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, 'जैसी है जहां है', 'जैसी है जो भी है' तथा 'जो भी है वहां है' आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

क्र. सं.	कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों /गारंटर(रों)/बन्धुती आस्तियों का नाम ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, क्रामणार्थ सहित, यदि कोई	बकाया राशि	सुरक्षित मूल्य/ रोकड़ रक्षित जमा	लम्पसित निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	विजय कुमार गोयल (कर्जदार), ज्योति गोयल (सह-कर्जदार), ऋण खाता सं. एपएचडीआरएफ0000126379०१४ एपएचडीआरएफ0000126377	फ्लैट नंबर ए/209, द्वितीय तल, बीच्–ग्राम–पोटिया कला, कानंद विहार, फेज–II, दुर्ग, कार्ड नंबर 53, पीएच नंबर 19/3, अक्सर नंबर 80/5, 80/6, 80/7, 80/8, जिला दुर्ग (सी.जी.)	रू. 20,95,732/– 15–12–2023	रू. 15,64,586/– रू. 1,56,460/–	03–01–2024 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	12–01–2024 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी प्लेज टैक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक – https://BestAuctionDeal.com) पर उपलब्ध होंगी। संभावितबोलीदाताओं/बुकलोबिडरों को 11–01–2024 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर जारी ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडरों) को सरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, ब्रीचेट प्लाजा, यूनिट–एक्स, द्वितीय तल, निकट स्वस्थ टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़–491001 में 11–01–2024 को अपरा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडरों) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, ब्रीचेट प्लाजा, यूनिट–एक्स, द्वितीय तल, निकट स्वस्थ टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़–491001 में 11–01–2024 को अपरा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी हो